\

# CBSE

## ANNUAL EXAMINATION 2019-20
## SUBJECT–HINDI (SET 1)

**CLASS - IX** **M.M-80**
**TIME-3hrs**

सामान्य निर्देश–
1.इस प्रश्न–पत्र में चार खंड है–क,ख,ग और घ।
2.यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।

### खंड–क (अपठित अंश)

**प्रश्न 1–निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(10)**

जीवन में वही मनुष्य सफल है, जो समय के साथ चलता है। कुछ लोग तो ऐसे दूरदर्शी होते हैं,जो आने वाले समय को पहले ही भाँप जाते हैं। ऐसे व्यक्ति अपनी योजना पहले ही बना लेते हैं तथा हर कसौटी पर सफल होते हैं। हमें समय के साथ आगे बढ़ते हुए अपने काम पूरा करते रहना चाहिए। कल के भरोसे काम को छोड़ना समस्याओं को आमंत्रित करता है। समय बड़ा ही बलवान होता है। समय के अनुरूप चलने वाला गरीब से अमीर बन जाता है,जबकिम समय को ठीक से न भाँपने वालाअमीर से कंगाल बन जाता है।प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कुछ क्षण ऐसे आते हैं,जिनसे उसके भाग्य का बनना और बिगड़ना तय होता है। अगर व्यक्ति ने समय की सही गति या दिशा को समझ लिया,तब तो वह सफल हो गया,अन्यथा उसके हाथ केवल असफलता ही लगेगी।खेलकूद,खासकर दौड़ की प्रतियोगिताओं में समय ही सर्वाधिक निर्णायक होता है। कल्पना चावला को ले जाने वाला अंतरिक्षयान कोलंबिया यदि कुछ मिनट और ठीक रहता,तो शायद वे और उनके सभी साथी अंतरिक्ष यात्री संरक्षित बच जाते। अतः हम कह सकते हैं कि मानव जीवन का सबसे बड़ा नियामक समय ही है।

(क) दूरदर्शी व्यक्ति सफल क्यों होते हैं?
(ख)समय के साथ न चलनेवाले का क्या हश्र होता है?
(ग) मानव जीवन का सबसे बडा नियामक घटक क्या है और कैसे है?
(घ) समय के अनुरूप चलनेवाले के साथ क्या होता है?
(ड.) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।
(च) भारतीय मूल की महिला अंतरिक्ष यात्री कौन थी ?

### खंड–ख(व्यावहारिक व्याकरण)

**प्रश्न–2 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–** **(4)**
1.दुर् उपसर्ग लगाकर दो शब्द बनाइए।
2.बहिर्मुखी शब्द से उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए।
3.ईय प्रत्यय से दो शब्द बनाइए।
4.गवैया शब्द से मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए।

**प्रश्न 3– समस्त पदों का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए–** **(4)**
1.घनश्याम 2.गृहप्रवेश 3.महात्मा 4.आजन्म

**प्रश्न 4–निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–** **(4)**
1.वह कल यहाँ से चला जाएगा।(संदेहवाचक में बदलिए)
2.कन्या ने अपना पाठ स्मरण कर लिया है।(निषेधवाचक में परिवर्तित कीजिए)
3.मन लगाकर पढ़ना चाहिए।(वाक्य–भेद लिखिए)
4.अरे!सुरेश स्कूल जाएगा(वाक्य–भेद लिखिए)

15



https://www.evidyarthi.in/

**प्रश्न 5–निम्नलिखित पंक्तियों से अलंकार पहचान कर लिखिए–** **(4)**

1.मैया मैं तो चंद्र खिलौना लैहों।
2.पाहुन ज्यों आए हों गाँव में शहर के
3.मेघमय आसमान से उतर रही
संध्या सुंदरी परी–सी धीरे–धीरे।
4.जे तीन बेर खाती थीं ते तीन बेर खाती हैं।

## खंड ग–(पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)

**प्रश्न 6–निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(6)**

मैं चेहरे की तरफ़ देखता हूँ। क्या तुम्हें मालूम है,मेरे साहित्यिक पुरखे कि तुम्हारा जूता फट गया है और अँगुली बाहर दिख रही है ? क्या तुम्हें इसका ज़रा भी अभास नहीं है?ज़रा लज्जा,संकोच या झेंप नहीं है?क्या तुम इतना भी नहीं जानते कि धोती को थोड़ा नीचे खींच लेने से अँगुली ढक सकती है?मगर फिर भी तुम्हारे चेहरे पर बड़ी बेपरवाही,बड़ा विश्वास है!फोटोग्राफर ने जब'रेडी प्लीज' कहा होगा,तब परंपरा के अनुसार तुमने मुसकान लाने की कोशिश की होगी।

(क) लेखक प्रस्तुत गद्यांश के माध्यम से प्रेमचंद की कौन–सी विशेषताओं को उजागर करना चाहते हैं?
(ख) लेखक ने प्रेमचंद की अधूरी मुसकान वाली फोटो के विषय में क्या अनुमान लगाया है?
(ग) साहित्यिक पुरखे किसे कहा गया है और क्यो ?

**प्रश्न 7–निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–(30–40 शब्दों में)** **(8)**

(क) –ताई साहिबा' के उदाहरण द्वारा महादेवी ने क्या संदेश देने का प्रयास किया है?
(ख) प्रेमचंद के फटे जूते पाठ में 'टीले'शब्द का प्रयोग किन संदर्भों को इंगित करने के लिए किया होगा?
(ग)महाराष्ट्र के पत्र बाखर में किस भीषण हत्याकांड का समाचार छपा था ?लोगों में इसकी क्या प्रतिक्रिया हुई ?
(घ) 'साँवले सपनों की याद' पाठ के आधार पर सालिम अली के किन्हीं दो गुणों का उल्लेख कीजिए।
(ड.) कांजीहौस में किन्हें कैद किया जाता है तथा उनके साथ कैसा व्यवहार किया जाता है ?

**प्रश्न 8–निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(6)**

माँ ने एक बार मुझसे कहा था–
दक्षिण की तरफ पैर करके मत सोना
वह मृत्यु की दिशा है
और यमराज को क्रुद्ध करना
बुद्धिमानी की बात नहीं
तब मैं छोटा था
और मैंने यमराज के घर का पता पूछा था
उसने बताया था–
तुम जहाँ भी हो वहाँ से हमेशा दक्षिण में।

(क) माँ ने कवि से क्या कहा और क्यों ?
(ख) कवि ने माँ से क्या पूछा ? इससे उसे क्या जानकारी मिली ?
(ग) समाज में फैली किस भ्रांति की ओर संकेत है ? 16



https://www.evidyarthi.in/

**प्रश्न 9–निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–(30 से 40 शब्दों में)** **(8)**

(क) 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता में कवि ने समाज के लिए क्या संदेश दिया है?

(ख) मेघ के आने की तुलना पाहुन से क्यों की गई है ?

(ग) चंद्र गहना कविता के आधार पर चित्रकूट की पहाड़ियों का वर्णन कीजिए।

(घ) बंद द्वार की साँकल खेलने के लिए ललद्यद ने क्या उपाय बताया है?

(ङ.)कवि का ब्रज के वन,बाग और तालाब निहारने के पीछे क्या कारण है ?

**प्रश्न 10–निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए–** **(6)**

(क) अपनी बेटी का रिश्ता तय करने के लिए रामस्वरूप उमा से जिस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा करते हैं,वह उचित क्यों नही है ?

(ख) 'शिक्षा बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है'–इस दिशा में लेखिका के प्रयासों का उल्लेख कीजिए।

(ग)'गरीब आदमी का शमशान नहीं उजड़ना चाहिए।'इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

## खंड–घ (लेखन)

**प्रश्न 11–निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए–** **(10)**

(क) परिश्रम का महत्त्व

संकेत बिंदु–भूमिका,परिश्रम का महत्त्व,विभिन्न महापुरुषों के उदाहरण,परिश्रम के बिना उन्नति असंभव,उपसंहार

(ख) धरती पर बढ़ता तापमान

संकेत बिंदु–तापमान बढ़ने के कारण,दुष्परिणाम,संभावित उपाय,हमारी भूमि

(ग) खेल और स्वास्थ्य

संकेत बिंदु–प्रस्तावना,खेल के साधन,खेल,भूख,पाचन और आरोग्य,उपसंहार

प्रश्न 12–सामाजिक सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत किसी गाँव में सफाई अभियान के अनुभवों का उल्लेख करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लगभग 80–100 शब्दों में लिखिए। **(5)**

**अथवा**

आपकी कक्षा में लगा स्मार्ट बोर्ड ठीक से काम नहीं करता उसकी शिकायत करते हुए प्राचार्य को पत्र लगभग 80–100 शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 13–'बढ़ते कंकरीट के जंगल'विषय पर दो छात्रों के बीच हुए संवाद को लिखिए। **(5)**

**अथवा**

सीमा पर तैनात दो फौजी जवानों की बातों को संवाद रूप में लगभग 50 शब्दों में लिखिए।

*****************************

https://www.evidyarthi.in/